हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 29 मार्च 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 पूरे रोड के कोवल उखड़कर फिर से लॉकिंग...



07 लोकायुक्त टीम ने पटवारी को रिश्वत लेते दबोचा



**लोक सभा क्षेत्र**

**भिंड**

1 **भाजपा प्रत्याशी** संध्या राय

2 **कांग्रेस प्रत्याशी** फूल सिंह बरैया

**पिछली बार कौन जीता**

संध्या राय, भाजपा

**जीत का अंतर**

1 लाख 99 हजार, 885

### क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के अपने-अपने मुद्दे हैं। भाजपा का मुख्य मुद्दा अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर से धारा 370 हटाना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। मोदी देश भर में दौरा कर विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन कर रहे हैं। अर्थात पार्टी मोदी लहर पर सवार है। दूसरी तरफ कांग्रेस हर वर्ग को न्याय की बात कर रही है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग पार्टी का बड़ा मुद्दा है। दो मुख्यमंत्रियों पहले हेमंत सोरेन और अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से कांग्रेस के इस आरोप को ताकत मिली है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा से भी पार्टी को फायदे की उम्मीद है।

## बसपा में भी रहे कांग्रेस के बैरैया, दलितों में अच्छी पकड़, भाजपा को महिला प्रत्याशी होने का लाभ, लहर से उम्मीद

# फूल सिंह के बयान आत्मघाती, संध्या की निष्क्रियता से नाराजगी

*चंबल-ग्वालियर अंचल की भिंड लोकसभा सीट में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कड़े मुकाबले के आसार हैं। भाजपा की ओर से सांसद संध्या राय फिर मैदान में हैं तो कांग्रेस ने भांडेर से विधानसभा का चुनाव जीते फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में चल रही लहर के साथ पार्टी प्रत्याशी के महिला होने का लाभ मिल सकता है, जबकि फूल सिंह बरैया पहले बहुजन समाज पार्टी में रहे हैं। उनकी दलित वर्ग में अच्छी पकड़ है। अलबत्ता, बरैया के कई विवादित बयान उनके लिए आत्मघाती साबित हो सकते हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी संध्या राय की निष्क्रियता के कारण क्षेत्र के लोग नाराज हैं।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

चंबल-ग्वालियर अंचल में विधानसभा चुनावों की तरह लोकसभा के चुनाव भी भाजपा के लिए आसान नहीं हैं। मोदी लहर के बावजूद अंचल की अन्य सीटों की तरह भिंड में भी उसे कांग्रेस से कड़ा मुकाबला करना पड़ सकता है।

बसपा की मौजूदगी यहां दोनों दलों का खेल बिगाड़ती है। भाजपा की संध्या राय ने 2019 के चुनाव में बड़ी जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांग्रेस के देवाशीष को लगभग दो लाख वोटों के अंतर से हराया था। पिछले चुनाव की तरह इस बार भी भाजपा के पक्ष में माहौल है। 2019 में पाक अधिकृत कश्मीर में एयर स्ट्राइक के कारण



संध्या राय



फूल सिंह बरैया

राष्ट्रीयता बड़ा मुद्दा था, जबकि इस बार भाजपा अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर में धारा 370 को भुनाने की तैयारी में है। पिछली बार भाजपा ने डॉ. भागीरथ प्रसाद का टिकट काट कर संध्या राय को टिकट दिया था। पहले वे विधायक थीं। पार्टी ने इस बार फिर उन पर भरोसा किया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद उनका लोगों से बात करते हुए एक वीडियो वायरल हो चुका है। इसमें लोग उन पर निष्क्रियता और क्षेत्र के लिए कुछ न करने का आरोप लगा रहे हैं। प्रत्याशी की यह स्थिति चुनाव में भाजपा को नुकसान पहुंचा सकती है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने पिछले प्रत्याशी देवाशीष की जगह विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। बरैया एक समय बसपा के सर्वेसर्वा हुआ करते थे, अब कांग्रेस में हैं। इस नाते दलितों में उनकी अच्छी पकड़ है। भांडेर से वे लगभग 30 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीते हैं, लेकिन अपने कई बयानों के कारण वे सामान्य वर्ग की आंखों को खटकते हैं। कांग्रेस को चुनाव में इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### विधानसभा चुनाव में मिलीं 4-4 सीटें

विधानसभा चुनाव के लिहाज से भिंड लोकसभा क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस की ताकत लगभग बराबर है। दोनों दलों ने क्षेत्र की चार-चार सीटें जीती हैं। हालांकि माहौल कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा था, लेकिन पार्टी के दो दिग्गज चौधरी राकेश सिंह भिंड और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह लहार से चुनाव हार गए। इस चुनाव में भाजपा के एक दिग्गज डॉ. नरोत्तम मिश्रा को दतिया में पराजय का सामना करना पड़ा। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें भिंड, लहार, मेहगांव और सेवढ़ा जीतीं, जबकि कांग्रेस ने अटेर, गोहद, भांडेर और दतिया में कब्जा किया।

### भिंड और दतिया जिले को मिलाकर बनी सीट

भिंड लोकसभा सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। इसके अंतर्गत भिंड जिले की पांच और दतिया जिले की तीन सीटें आती हैं। भिंड जिले की सीटों में अटेर, भिंड, लहार, मेहगांव, गोहद और दतिया जिले की सेवढ़ा, भाण्डेर तथा दतिया शामिल हैं। वर्ष 2008 से पहले तक भिंड लोकसभा सीट सामान्य थी, लेकिन इसके बाद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हो गई। जब सीट सामान्य थी, तब 1996 से 2004 तक लगातार डॉ. राम लखन सिंह भाजपा से सांसद रहे हैं। 1991 में भी भिंड से योगानंद सरस्वती जीते थे। आरक्षित होने के बाद 2009 में अशोक अर्गल, 2014 में डॉ. भागीरथ प्रसाद और 2019 में भाजपा की संध्या राय चुनाव जीते हैं। संध्या को एक बार फिर मौका मिला है। 1989 से लगातार यहां भारतीय जनता पार्टी ही काबिज है।

### भिंड में दलित और पिछड़ों का बोलबाला

- भिंड क्षेत्र के जातीय समीकरणों पर नजर डालने से पता चलता है कि यहां दलित एवं पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला है। दलित मतदाताओं की बहुतायत के कारण ही यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। दूसरे नंबर पर पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी खासी है। चुनाव में सामान्य वर्ग के क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं, लेकिन ये दोनों वर्ग एक पार्टी में साथ नहीं जाते। चंबल-ग्वालियर अंचल की जातीय राजनीति का असर भिंड में भी है। हर चुनाव में इसका असर पड़ता है।

**खबर संक्षेप**

### जितू के बुंदेली लोकगीतों की प्रस्तुति आज होगी

**विदिशा।** बुंदेलखंड लोकगीत के लोकप्रिय गायक जितू खरे बादल एक बार फिर विदिशा में अपना शानदार लोकगीतों की प्रस्तुति देने आ रहे हैं। भगवा रंग युवा संगठन के बैनर तले शुक्रवार को बंटी नगर चौराहे पर कार्यक्रम किया जा रहा है। शाम 5 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में लोक नृत्य की प्रस्तुति भी की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक दीपक दांगी ने बताया कि हर साल की तरह इस बार सांस्कृतिक होली महोत्सव का यह आयोजन भगवा रंग युवा संगठन के बैनर तले किया जा रहा है। उन्होंने सांस्कृतिक होली महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

### साइकिल रैली 31 को, अब तक 740 ने ऑन लाइन पंजीयन कराया

**विदिशा।** मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से 31 मार्च को साइकिल रैली निकाली जाएगी। जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी भी साइकिल रैली में शामिल होंगे। रविवार 31 मार्च की सुबह 7 : 30 बजे से जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित साइकिल रैली एसएटीआई कॉलेज से प्रारंभ होकर पीतलमील चौराह, कांच मंदिर, तिलक चौक से होते हुए एमएलबी स्कूल और फिर खेल मैदान स्टेडियम में संपन्न होगी। जिला प्रशासन के द्वारा साइकिल रैली के पंजीयन हेतु जारी लिंक https://forms.gle/SyqrPHZW4EM7hmQJ8 पर अधिक से अधिक पंजीयन कराने का आव्हान किया गया है। अब तक 740 पंजीयन हो चुके हैं।

## दोनों पार्टियों के प्रत्याशी घोषित हुए, चुनाव के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज

# 33 साल बाद प्रतापभानु और शिवराज सिंह चुनाव में फिर आमने-सामने हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लोकसभा सीट विदिशा में 33 सालों बाद फिर से 77 वर्षीय पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा को कांग्रेस से टिकट मिल गया है। अब पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से उनका चुनावी मुकाबला होगा।





प्रदेश के चार बार मुख्यमंत्री रह चुके 64 वर्षीय शिवराज सिंह चौहान के टिकट पहले ही घोषित हो चुका है। प्रतापभानु शर्मा विदिशा से दो बार सांसद रह चुके हैं और शिवराज सिंह चौहान पांच बार सांसद रहे। इसके बाद 18 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहने के बाद फिर से लोकसभा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर चुके हैं। भाजपा ने विदिशा से शिवराज सिंह चौहान को उम्मीदवार काफी पहले ही घोषित कर दिया है। वहीं कांग्रेस में काफी विचार मंथन के बाद प्रतापभानु शर्मा को कांग्रेस से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही उम्मीदवारों के लिए संसद पद के लिए यह छठवां चुनाव है। अब चुनावी बिगुल बज चुका है, प्रचार भी शुरू हो गया है।

### 1952-1962 निर्वाचन क्षेत्र मौजूद नहीं था

1967 पंडित शिव शर्मा, जनसंघ
1971 रामनाथ गोयनका, जनसंघ
1977 राघवजी, जनता पार्टी
1980 प्रतापभानु शर्मा, कांग्रेस
1984 प्रतापभानु शर्मा, कांग्रेस
1989 राघवजी भारतीय जनता पार्टी
1991 अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा
1991 शिवराज सिंह चौहान भाजपा
1996 शिवराज सिंह, भाजपा
1998 शिवराज सिंह, भाजपा
1999 शिवराज सिंह, भाजपा
2004 शिवराज सिंह, भाजपा
2006 रामपाल सिंह, भाजपा
2009 सुषमा स्वराज, भाजपा
2014 सुषमा स्वराज, भाजपा
2019 रमाकांत भार्गव, भाजपा

**नामांकन रायसेन में जमा होंगे:** विदिशा लोकसभा सीट वर्तमान में 4 जिले की 8 विधानसभाओं की है। जिसमें विदिशा जिले की विदिशा और गंजबासौदा, सीहोर जिले की बुधनी और इछावर सहित देवास जिले की खातेगांव कन्नोद विधानसभा भी शामिल हैं। इनके अलावा रायसेन जिले की तीन विधानसभाओं में सांची, भोजपुर, सिलवानी शामिल हैं। नोडल जिला रायसेन है और नामांकन रायसेन मुख्यालय पर जमा होंगे।

**1967 तक विदिशा गुना में था शामिल:** देश में हुए शुरुआती तीन लोकसभा चुनावों में विदिशा जिला गुना संसदीय क्षेत्र में शामिल था। 1952 में गुना भेलसा लोकसभा सीट से हिंदू महासभा के बीजी पांडे पहले सांसद चुने गए थे। 1957 में सीट का नाम गुना -विदिशा हो गया था और यहां से राजमाता विजयाराजे सिंधिया चुनी गईं। 1962 में हिन्दु महासभा के रामसहाय पांडे चुनाव जीते थे।

### 7 मई को मतदान

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार विदिशा एवं सागर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। 19 अप्रैल तक दावेदारी के लिए नाम निर्देश पत्र जमा होंगे। 20 अप्रैल को फार्मों की जांच होगी। 22 अप्रैल तक फार्म वापस लिए जा सकेंगे। 7 मई को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना होगी। विदिशा जिले की विधानसभा शमशाबाद, सिरोंज एवं कुरवाई यह सागर लोकसभा क्षेत्र में शामिल हैं। वहीं विदिशा लोकसभा में जिले की गंजबासौदा एवं विदिशा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

### राघवजी से दो बार चुनाव जीत चुके प्रतापभानु शर्मा

6 मार्च 1947 को जन्मे प्रतापभानु शर्मा 1980 में राघव जी से चुनाव जीतकर पहली बार सांसद चुने गए। 1984 में भी राघवजी से ही चुनाव हुआ और दूसरी बार सांसद चुने गए। इसके बाद 1989 का चुनाव भी राघव जी से हुआ और श्री शर्मा चुनाव हार गए। करीब डेढ़ साल बाद ही वीपी सिंह और चंद्रशेखर के प्रधानमंत्री बनने के बाद सरकार गिर गई और पुनः चुनाव हुए। मई 1991 में हुए इस चुनाव में भी भाजपा के राघव जी ही उम्मीदवार थे। राघव जी ने नामांकन भी दाखिल कर दिया था। लेकिन ऐनवक्त पर भाजपा ने राष्ट्रीय नेता अटल बिहारी वाजपेयी को लखनऊ के साथ विदिशा से चुनाव में उम्मीदवार बना दिया। इस चुनाव में अटल जी दोनों जगह से चुनाव जीत गये। विदिशा सीट से इस्तीफा देने के बाद नबंवर 1991 में लोकसभा सांसद के लिए उपचुनाव हुआ तो भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान को और कांग्रेस ने लगातार पांचवी बार प्रतापभानु शर्मा को ही उम्मीदवार बनाया था। शिवराज सिंह चौहान ने यह चुनाव बुधनी से विधायक रहते हुए 33 वर्ष की उम्र में जीता था।

# मंदिर के पास हुई गोकशी की घटना से फैला आक्रोश

## विधायक सप्रे ने सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

नगर में बेतवा नदी के किनारे गोकशी की घटना से नगर में आक्रोश फैल गया। राज मंदिर मुरलीधर मंदिर एवं नहर वाले हनुमान जी के मंदिर के पीछे बुधवार की रात में कुछ सामाजिक तत्वों ने गोकशी की घटना को अंजाम दिया। गोमांस अपने साथ ले गए और अवशेष वहीं पर छोड़ दिए। सुबह लोगों ने जब घटनास्थल पर गोवंश के अवशेष देखे तो विधायक हरि सिंह सप्रे को सूचना दी।

विधायक सप्रे ने तत्काल पुलिस को घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए और स्वयं भी घटनास्थल पर पहुंच गए। विधायक सप्रे ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिकों से अपील की। गोकशी की घटना की सूचना मिलते ही नगर में माहौल गर्म हो गया। मामले की गंभीरता को समझते एसडीओपी मनीष राज एवं थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया।

### पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया

प्रशासन ने नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठन धार्मिक संगठन से चर्चा कर आश्वस्त किया कि कथित अपराधियों को छोड़ा नहीं जाएगा। पुलिस ने गोवंश वध अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच की जा रही है। साथी ही कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शीघ्र आरोपियों को पकड़ने का दावा किया है।

### नगर का माहौल खराब करने की कोशिश

प्रशासन होली एवं रंगपंचमी एवं लोकसभा चुनाव आचार संहिता के चलते स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। वहीं रंग पंचमी पर कुरवाई के समीप करीला मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस उक्त मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यस्त रहती है। इसी के बीच आसामाजिक तत्व नगर की शांति व्यवस्था भंग करने के उद्देश्य से उक्त घटना को अंजाम दिया। सोचने वाली बात यह है कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि नगर के बीचों-बीच धार्मिक स्थल के पास गोवंश की हत्या कर दी गई।

### पुरानी रंजिश पर युवक पर किया जानलेवा हमला

**विदिशा।** नमाज पढ़कर लौट रहे एक युवक पर उसके ही समाज के कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। वारदात की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। काली मस्जिद में नवाज पढ़कर बाहर निकलते समय अकरम खान पर कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। अकरम खान ने बताया कि कल्लू खा पड़ोस में रहते हैं इनका परिवार हमें परेशान करता है। कोतवाली टीआई मनोज दुबे ने बताया कि काली मस्जिद के पास दो पक्षों में विवाद हुआ है। दोनों ही पक्ष के लोगों ने थाने में मामला दर्ज कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

### मतदान केन्द्रों पर पानी और छाया की व्यवस्था हो

**विदिशा।** कलेक्टर ने जिले की सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसरों को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पेयजल, छाया समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कलेक्टर ने बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र-18 विदिशा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 144-विदिशा, 145-बासौदा एवं संसदीय क्षेत्र-05 सागर अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 146- कुरवाई, 147-सिरोंज, 148-शमशाबाद (नटेरन) में सात मई को मतदान होना है। मतदान पूर्व सभी मतदान केन्द्रों में सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है।

### पोस्टल बैलेट मतदान प्रक्रिया में संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी मापदंडों के अनुसार डाकमत पत्र की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में निर्वाचन कार्यों में संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया को सुगम व सुव्यवस्थित रूप से संपादित की जाए के लिए इस प्रक्रिया में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश भी दिए हैं। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी सुश्री निकिता तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिन प्रमुखतम बिंदुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

# गेहूं का भूसा परिवहन पर प्रतिबंध लगा, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने ग्रीष्म ऋतु में हरे चारे घास की कमी को देखते हुए गोवंश के उपयोग एवं जिले में संचालित गौशालाओं में भूसे की आपूर्ति के लिए केवल गेहूं भूसा को जिले की सीमा से बाहर निर्यात या परिवहन किया जाना प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश आगामी दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा। यह आदेश किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक के प्रस्ताव से सहमत होकर जारी किया गया है। उक्त आदेश मात्र गेहूं भूसा निर्यात को प्रतिबंधित किया गया है। चना, मसूर, तेवडा आदि का भूसा तथा ज्वार एवं धान के डंठल के निर्यात या परिवहन प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। जिले के कृषकों द्वारा फसल कटाई के बाद फसल अवशेषों में आग लगाई जाकर नष्ट कर दिया जाता है। जिससे भूसे की कमी बनी रहती है।

### सी-विजिल एप से शिकायतों का होगा त्वरित निराकरण

**विदिशा।** आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्रवाई की जाएगी। इस एप के जरिए कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों पर प्रचार सामग्री लगाने की शिकायत की जा सकती है।

# साधना सिंह चौहान पहुंचीं शशांक भार्गव के घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गुरुवार को पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह चौहान पूर्व विधायक शशांक भार्गव के निवासी पर पहुंचीं। उन्होंने शशांक भार्गव की पत्नी पूनम भार्गव और दोनों बेटों से मुलाकात की। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री पं सुरेश पचौरी ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष दीपक तिवारी के घर पहुंचे।

पचौरी के इस दौरे को लेकर चर्चा है कि यह सिर्फ ब्राह्मण वोटरों को साधने के लिए भाजपा के द्वारा किये जा रहे प्रयास में शामिल है। इधर पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी साधना सिंह चौहान ने पूर्व विधायक शशांक भार्गव के घर पहुंचकर एक अनकहा संदेश दे दिया है कि अब भार्गव भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी में इनका बड़ा सम्मान है। अब भाजपा में शशांक भार्गव की भूमिका को कोई नजरअंदाज नहीं कर सकेगा। इस मौके पर भाजपा ज्वाइन करने वाले विदिशा के कद्दावर नेता पूर्व विधायक शशांक भार्गव, भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



**विदिशा।** पूर्व विधायक शशांक भार्गव के निवास पर पहुंचीं सीएम की पत्नी साधना।



**विदिशा।** भाजपा नेता दीपक तिवारी के घर पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी।

## खबर संक्षेप

### रघुवंशी समाज का होली मिलन आज

**गंजबासौदा।** होली के अवसर पर रघुकुल युवा परिषद द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को शाम 4:30 बजे रघुवंशी धर्मशाला बरेठ रोड पर आयोजित किया गया है। जिसमें गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है।

### चना, मसूर, सरसों का उपार्जन 31 मई तक

**गंजबासौदा।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास के अवर सचिव द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार चना, मसूर एवं सरसों का समर्थन मूल्य पर उपार्जन का कार्य 31 मई तक किया जाएगा। जिसमें शासन द्वारा फसल चना 5440 रुपये, मसूर 6425 रुपये एवं सरसों 5650 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन कार्य के लिये गंजबासौदा में 9 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं एवं स्लॉट अवधि 7 दिवस निर्धारित की गई है। एक पंजीयन पर कृषक अधिकतम दो बार ही स्लॉट बुक करा सकते हैं।

## उदयपुर में नवनिर्मित और क्षतिग्रस्त मार्ग का अधिकारियों ने लिया जायजा

# पूरे रोड के कोवल उखड़कर फिर से लॉकिंग के साथ लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





उदयपुर स्थित प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर तक जाने के मार्ग को पिछले दिनों पर्यटन विभाग द्वारा बनवाया गया था, जिसमें कोवल लगाए गए थे। लेकिन यह मार्ग गुणवत्ताहीन बनने के कारण शुरूआत से ही शिकायतों का केन्द्र रहा। शिवरात्रि मेले की तैयारियों के लिए यहां आए कुरवाई विधायक ने इस निर्माण पर आपत्ति जताई थी, वहीं सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण शर्मा ने पुरातत्व विभाग और पर्यटन विभाग को इसकी शिकायत की थी। साथ ही आंदोलन की भी चेतावनी दी गई थी। जिसके बाद गुरूवार को पर्यटन विभाग के अधिकारियों का दल उदयपुर में उखडे हुए मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचा। विभाग के ईई ब्रजेश तिवारी ने मार्ग में लगे कोवल पूरी तरह उखाडकर फिर से लॉकिंग सिस्टम के साथ लगाने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि पुरातात्विक महत्व की नगरी उदयपुर में प्रदेश सरकार ने हैरीटेज कॉरिडोर के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है और इसीके तहत पर्यटन विभाग के माध्यम से यहां सौंदर्यीकरण एवं सुविधा विस्तार का काम किया जा रहा है। जिसको लेकर पर्यटन विभाग ने उदयपुर मुख्य चौराहे से मंदिर तक कोवल के मार्ग का निर्माण कराया है, लेकिन यह मार्ग बनते ही उखडने लगा। जिसको लेकर जनप्रतिनिधियों की आपत्ति के बाद सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण शर्मा ने शिकायत के साथ आंदोलन की चेतावनी दी थी। जिसके बाद गुरूवार को पर्यटन विभाग के ईई ब्रजेश तिवारी, चीफ इंजीनियर दिलीप श्रीवास्तव, एसडीओ अभिषेक गौर, सब इंजीनियर अशोक जैन के साथ उदयपुर पहुंचे। उन्होंने मार्ग का निरीक्षण किया। जिसके बाद ईई ब्रजेश तिवारी ने मार्ग के पूरे कोवल उखाडकर सीमेंट की मात्रा बढ़ाकर और एपोक्सी मसाले के साथ पुनः लगाने और उनके बीच लॉकिंग के लिए दासे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही वर्तमान में लगे मटेरियल का सैंपल लेकर जांच कराने को कहा गया।

इस संबंध में पर्यटन विभाग के ईई ब्रजेश तिवारी का कहना था कि यातायात दबाव एवं विद्युत खंभे शिफ्टिंग के कारण कोबल उखड गए हैं। उन्हें पूरी तरह उखाडकर फिर से लॉकिंग के साथ लगाने के निर्देश दिए गए हैं। अभी एक प्रवेश द्वार सहित अन्य काम भी होना हैं। मजदूर अभी त्यौहार मनाने गए हैं। रंगपंचमी बाद सडक का फिर से काम शुरू करवा दिया जाएगा।

## उपजेल में संगोष्ठी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय उपजेल में स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान द्वारा विश्व टीबी दिवस के अवसर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, जेलर आलोक कुमार भार्गव, नरेंद्र कुमार रघुवंशी, संजय शर्मा, दिलीप देसाई, मोंटू जाट, नवल सिंह कुशवाह सहित अनेक लोग उपस्थित थे। सरकारी अस्पताल के टीबी सुपरवाइजर नरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने विस्तार से टीबी दिवस के बारे मे बतालाया और बचाव के बारे में जानकारी दी। समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने जेलर आलोक कुमार भार्गव के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उनके एवं जेल के समस्त स्टाफ द्वारा की गई मेहनत से जेल को आईएसओ सर्टिफिकेट मिला है। यह गंजबासौदा के लिए सौभाग्य की बात है। संस्था ने भार्गव का तिलक लगाकर माला पहनाकर शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। संगोष्ठी का संचालन सुनील पिंगले ने किया और आभार जेलर आलोक भार्गव ने माना।

## त्योंदा पुलिस ने गांजे के साथ पकड़े आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में गत दिवस त्योंदा थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी द्वारा अलग अलग टीम गठित कर मादक पदार्थ के विरूद्द कार्रवाई की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कार्रवाई के दौरान रघुपति यादव एवं उनकी टीम द्वारा बागरोद चौराहा से आरोपी नीलेश लोधी उम्र 28 साल निवासी ग्राम चाठौली थाना गुलाबगंज हालमुकाम बंटीनगर विदिशा के कब्जे से 600 ग्राम गांजा कीमती 6000 रूपये का जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्द किया गया। इसी तारतम्य में रामस्वरूप सोनी की टीम द्वारा विगत दिनों हनुमान मंदिर के पास दुसैहरी चौराहे पर आरोपी गजराज लोधी उम्र 42 साल निवासी ग्राम दैलाखेडी के कब्जे से 800 ग्राम गांजा कीमती 8000 रूपये का जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्द किया गया। रामबाबू साहू की टीम द्वारा कालापाठा तिराहा मंदिर के पास त्योंदा से आरोपी कृष्ण गोपाल यादव उम्र 29 साल निवासी वार्ड क्रमांक 30 माता मंदिर के पास बंटी नगर विदिशा के कब्जे से 700 ग्राम गांजा कीमती 7000 रूपये का जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्द किया गया। उक्त कार्रवाई में त्योंदा थाना प्रभारी एमएल भाटी, रामबाबू साहू, रामस्वरूप सोनी, रघुपति यादव, तरूण वेदी, भारत सिंह, अनिल साहू, ब्रजेश उपाध्याय, सुभाष, शशांक, सत्येन्द्र, इरशाद अंसारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### लगते ही खराब हुई लाखों रुपए की स्ट्रीट लाइट

**गंजबासौदा।** कुछ माह पहले लाखों रुपए की लागत से धर्मकांटा बरेठ रोड से नवीन कृषि उपज मंडी तक स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। उनमें आधे से ज्यादा लाइट खराब हो चुकी हैं और वह बार बार बंद चालू हो रही हैं। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को अंधेरे के कारण असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।



## माताओं, बहनों को सुहाग सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मां वेत्रवती व्रत पर्वोत्सव समिति भाई दोज के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए बाहरी मजदूर वर्ग के मां, बहन, बेटियों को वस्त्र एवं सुहाग सामग्री लेकर स्थानीय रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां पर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति संस्थापक ने बताया कि प्रतिवर्ष मां बेतवा को चढ़ने वाली 651 फिट की चुनरी को माताओं, बहनों का सुहाग अमर और सुरक्षित रहे। इस भावना से हम गंगाजी के आशीर्वाद के रूप में माताओं, बहिनों को सुहाग सामग्री के साथ साड़ियां प्रदान करते हैं। यह हमारी बरसों से परंपरा चली आ रही है। जिसको समिति निभाती है। वहीं समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, गजेन्द्र औदिच्य ने कहा कि यह पुनीत कार्य करने का शौभाग्य प्राप्त होता है, जो कि सराहनीय है, जो मन को आनंद प्रदान करता है। वहीं स्वर्णकार विवाह मंच के संचालक अमित सोनी ने कहा कि मां गंगा की सेवा के साथ माता, बहिनों का आशीर्वाद भाई दोज के अवसर पर हमे मिल रहा है। हम ऐसे कार्य को कर गौरवांवित हैं। वहीं सोनू पटवा, सेतु जैन ने भी कार्यक्रम को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष, सुनील बाबू पिंगले, गजेन्द्र औदीच्य, राजकुमार सोनी, अमान सिंह अहिरवार, गोपाल कुशवाह, अमित राय, मोहन शुक्ला सहित समिति के कई पधाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने नगर की होटलों व रेस्टोरेंट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नगर में संचालित होटल एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। टीम सर्वप्रथम प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई करने बरेठ रोड स्थित दुबेजी के रेस्टोरेंट पर पहुंची। जहां शिकायत के आधार पर रेस्टोरेंट से खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए। अधिकारियों द्वारा अन्य होटलों का भी निरीक्षण कर सभी को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के निहित प्रावधानों का पालन के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए। उक्त कार्रवाई में तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व विभाग के पटवारी दिनेश नरवरिया मौजूद थे। समाचार लिखे जाने तक नमूना एवम निरीक्षण कार्रवाई जारी है। उक्त कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण श्रीवास्तव द्वारा की गई।

## युवा मोर्चा का होली मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



रंगो के पावन पर्व होली के अवसर पर युवा मोर्चा नगर एवं ग्रामीण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को शाम के समय शहनाई गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, विवेक अधिकारी सहित अनेक भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


नगर के माय स्कूल, प्ले स्कूल में होली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सभी बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और सभी ने होली के गीतों पर अपने शिक्षकों के साथ डांस कर समारोह का आनंद लिया। स्कूल प्राचार्या प्रीति सेनित भावसार ने सभी बच्चों को सूखी होली खेलने की सलाह दी ताकि गर्मी के मौसम में पानी की बचत कर सकें।

### गर्मी और उमस ने बढ़ाई लोगों की परेशानियां

**गंजबासौदा।** विगत दो दिनों से तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे सुबह से लेकर शाम तक लोगों को तेज गर्मी और उमस का अहसास होने लगा है। लोग गर्मी से बचने मटकों, फ्रिज का ठण्डा पानी एवं शीतल पेय पदार्थों का सेवन करने लगे हैं एवं कूलर, पंखा, एसी का सहारा लेने लगे हैं। तेज गर्मी के चलते भूजल स्तर में तेजी से गिरावट देखी जा रही है, जिससे आगामी समय में पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए लोग परेशान दिखाई दे रहे हैं।

### एक अप्रैल से प्रारंभ होगा नवीन सत्र

# नए भवन में पहुंचा केन्द्रीय विद्यालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार से नए भवन में केन्द्रीय विद्यालय पहुंच गया है। नवीन भवन लगभग 50 कमरे, लेट, बाथ अग्निशामक यंत्र, गार्ड, वाहन पार्किंग, आवास, बाउंड्री वॉल, खेल मैदान से सुसज्जित है। नवीन भवन में पहुंचने पर राघव, माधव सहित अनेक बच्चों ने नए भवन को सिर रख कर प्रणाम कर प्रवेश किया। आगामी एक अप्रैल से नवीन सत्र प्रारंभ हो जाऐगा। जिसमें कक्षा 11 वीं कक्षा भी चालू होंगी।

उल्लेखनीय है कि लगभग 18 करोड़ रुपए की लागत से पबई डायला मार्ग पर नया केंद्रीय विद्यालय भवन बनकर तैयार हो गया है जिसमें आगामी सत्र के लिए एडमिशन प्रारंभ हो गए हैं। इस भवन में 1 अप्रैल से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होगा। अभी तक यह विद्यालय त्योंदा रोड के शासकीय मॉडल स्कूल भवन में चल रहा था। इसके कारण वहां कक्षा 10 तक ही पढ़ाई हो पा रही थी। लेकिन नए भवन में आने के बाद कक्षा 11 के लिए प्रवेश शुरू कर दिए गए हैं। नगर से लगभग 4 किलोमीटर दूर बने इस केंद्रीय विद्यालय भवन का काम अगस्त में पूरा हो गया था। लेकिन इसे हैंडओवर नहीं किया गया था। लेकिन वर्तमान में नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के साथ ही विद्यालय को अपना स्वयं का नया भवन मिल गया है।

### गौकथा का आयोजन आज से

**गंजबासौदा।** मील माता मंदिर रेल्वे मालगोदम के सामने शुक्रवार सांयकाल 6 बजे गौकथा का आयोजन किया जा रहा है। विशाल वैष्णव ने बताया कि गौकथा का वाचन गौऋषि स्वामी गोपालानंद सरस्वती महाराज की शिष्या साध्वी शबला गोपाल सरस्वती द्वारा किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की दान राशि स्वीकार नहीं की जाती है, गौ कथा के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई, विवाह में समस्या, कर्ज मुक्ति,गृह क्लैश, बीमारी से मुक्ति इन सभी विषयों के बारे में बताया जाता है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में गौभक्तों से शामिल होने की अपील की गई है।




### महेश भावसार का निधन

**गंजबासौदा।** प्रकाश, विजय, मोहन, रवि, संजय भावसार के बड़े भाई रोहित भावसार के चाचा, अतुल, सन्नी, राहुल, वरुण, केशव, हिमांशु, वैभव, मानव भावसार के ताऊजी एवं सम्राट भावसार के पिताजी डॉक्टर महेश भावसार का गुरूवार को निधन हो गया। नागरिकों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दुखी परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### सुधीर याज्ञनिक का निधन

**गंजबासौदा।** स्वर्गीय पीसी याज्ञनिक के छोटे पुत्र एवं समीर याज्ञनिक के छोटे भाई सुधीर याग्निक शिक्षक का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया।



जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास लड्डा एजेंसी वाली गली वार्ड नंबर 6 से पाराशरी विश्राम घाट के लिए शाम के समय निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## 'समाज को आचार विचार बदलने की जरूरत'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



समाज का एक ऐसा वर्ग है जो चाहे तीज हो, त्यौहार हो, शादी हो या नए सदस्य का घर में आगमन हो ,बिन बुलाए न केवल हमारे घरों तक आता है बल्कि उसके सदस्य ढेर सारी दुआएं एवं शुभकामनाएं देते और बधाईयां गाते हैं। लेकिन उन्हीं तीज त्यौहार पर हमारा समाज इस वर्ग को अपने हाल पर छोड़ देता है। हम बात कर रहे है थर्ड जेंडर अर्थात किन्नर वर्ग की जो कि सदियों से समाज के हर एक वर्ग, हर एक व्यक्ति के लिए दुआएं एवं बधाई देता रहा है। बदले में हमारा समाज इस विशेष वर्ग को समय समय पर तिरस्कार और खालीपन ही देता रहा है। लेकिन होली पर हमारे अपने शहर के युवाओं के दल श्रमदान दल के लोगों ने कुछ ऐसा किया जिसकी कल्पना न तो हमारे समाज ने की थी न इस विशेष वर्ग ने।

होली पर श्रमदान दल के सदस्य वार्ड नंबर 2 नानाजी वाली गली में निवासरत किन्नर गुरू मुन्ना नायक मामा के साथ होली का जश्न मनाने पहुंचे। दल के सदस्यों ने मुन्ना मामा के साथ साथ मौजूद सभी सदस्यों को रंग गुलाल लगाया और रंगोत्सव की शुभकामनाएं भी दीं। श्रमदान दल के सदस्यों की इस पहल से जहां मुन्ना मामा के पड़ोसी हैरानी में थे तो मुन्ना मामा और उनके साथी काफी खुश नजर आ रहे थे। जब इस पहल के बारे में दल के सदस्यों ने बातचीत की तो उनका कहना था कि आज समय के साथ कई चीजे बदली है तो आज हम सभी को भी अपनी सोच को बदलने की आवश्यकता है। क्योंकि इस विशेष वर्ग के लोग भी भगवान की ही कृति है तो इनके प्रति हमारे आचार विचार अलग क्यों? इस वर्ग के जीवन में खालीपन क्यों? इसी मानसिकता को बदलने के लिए हम सभी साथी होली मनाने मुन्ना मामा के निवास पर पहुंचे। विडंबना कहे या समाज का पिछड़ापन जब दल के सदस्य मुन्ना मामा के निवास पर पहुंचे तो पाया वहां गुलाल तो किलो भर थी, लेकिन गुलाल खेलने वाले कोई नहीं। लेकिन जब शाम के समय दल के सदस्यों ने मुन्ना मामा के घर पहुंच कर मामा और मौजूद अन्य सदस्यों को गुलाल लगा कर रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उसके पश्चात ही घर के अन्य सदस्यों ने आपस में एक दूसरे को गुलाल लगाकर कर रंगोत्सव की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद लिया। और तब विशेष समुदाय के लोगों के चेहरे देख ऐसा लगा मानो जैसे दल के सदस्यों ने सही मायने में उनके जीवन में रंग भर दिए हों। इस मौके पर दल के कई सदस्य मौजूद थे।

## पटवारी से ग्रामीण इतने परेशान कि चलने-फिरने में असमर्थ किसान पहुंचा लोकायुक्त कार्यालय भोपाल

# लोकायुक्त टीम ने पटवारी को रिश्वत लेते दबोचा

### आरोपी का भाई भी पटवारी, उससे भी ग्रामीण परेशान दोनों की संपत्ति की ग्रामीणों ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज में भ्रष्टाचार इतना बडता जा रहा है कि कुछ ही महिनो गुजरते है और लोकायुक्त की टीम की कार्यवाही देखने को मिल ही जाती है। दो तीन वर्षा से रिश्वत के मामलो को लेकर लोकायुक्त की टीम का सिरोंज में आना हो रहा है। गुरूवार को एक बार फिर सिरोंज में लोकायुक्त टीम की कार्यवाही देखने को मिली। इस बार लोकायुक्त टीम ने पटवारी विकास जैन को 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। लगभग एक माह पहले शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में पदस्थ बीसीएम संध्या जैन को रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त की टीम ने पकड़ा था। उस मामले की फाइलें अभी बंद भी नही हुई होगी कि एक और रिश्वत लेने का मामला सामने आ गया। नगर में आए दिन भ्रष्टाचार की परते खुलती जा रही है। जनचर्चा का विषय है कि कुछ ग्रामीण जन दो पटवारियो से इतने परेशान हो गए है कि हो सकता है कुछ ही दिनो बाद लोकायुक्त टीम को फिर से आना पडें और फिर कार्यवाही देखने को मिलें।

### 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाए विकास जैन

सिरोंज तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पारधा के हल्का क्रं 55 में वर्षो से पटवारी विकास जैन पदस्थ है। इनके व्यवहार व कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीण जन काफी दिनों से परेशान थें। वही ग्रामीण पटवारी जैन से इतने परेशान हो गए थे कि ग्रामीणो को आखिरकार लोकायुक्त टीम से शिकायत करना पडा। ग्राम पारधा निवासी राम प्रसाद कुशवाह



ने दो दिन पहले लोकायुक्त कार्यालय भोपाल पहुचकर शिकायत करते हुए बताया था कि रकबे में सुधार के लिए पटवारी विकास जैन द्वारा 10 हजार रूपये की मांग की जा रही है। ग्रामीण की शिकायत पर गुरूवार को लोकायुक्त की टीम सिरोंज पहुची और पटवारी जैन को ग्रामीण से 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही कर पटवारी पर एफआईआर दर्ज की। इस मौके पर लोकायुक्त पुलिस इंस्पेक्टर रजनी तिवारी, इंस्पेक्टर नीलम पटवा,प्रधान आरक्षक राजेन्द्र पावन,मुकेश सिंह,मुकेश पटेल,अवध बाथवी,संदीप सिंह आदि मौजूद रहें।

### चलने फिरने में असमर्थ है किसान, फिर भी शिकायत करने पहुचा भोपाल

पारधा निवारी किसान मथुरा कुशवाह चलने फिरने में असमर्थ है। वह अपने पैरो पर भी मुश्किल से खडा हो पाता है। जब वह रकबे में सुधार के लिए पटवारी के पास सिरोंज पहुचा तो पटवारी ने किसान से 10 हजार रूपये की मांग की। किसान ने पूरी बात अपने समधी को बताई। वही राम प्रसाद कुशवाह अपने रिश्तेदार के साथ भोपाल पहुचकर लोकायुक्त टीम का पूरे मामले की जानकारी दी।



### 2 बीघा का रकबा बढ़ाने मांगे 10 हजार रूपए

*राम प्रसाद कुशवाह ने बताया कि मेरे समधी मथुरा की ग्राम पारधा में 9 बीघा जमीन है। उक्त जमीन का रकबा 7 बीघा का दिखा रहा था। जिसके लिए में पटवारी विकास जैन के ऑफिस पहुचें और हमने पटवारी साहब को पूरी बात बताई। जिस पर पटवारी विकास जैन ने कहा कि आपका रकबे में सुधान हो जाएगा लेकिन उसके लिए आपको मुझे 10 हजार रूपया देना होगा। मैने जब पटवारी साहब से कहा कि में काफी परेशान व्यक्ति हुं और में ठीक से चल फिर भी नही पाता। तो पटवारी ने कहा कि मुझे कुछ मतलब नही मुझे पैसे दोगें तो ही काम होगा। कई बार बोलने पर भी पटवारी साहब ने काम नही किया तो मैने अपने रिश्तेदार के साथ भोपाल पहुचकर लोकायुक्त की टीम से पटवारी द्वारा मांगे जा रहे 10 हजार रूपये की शिकायत की।*

### पटवारी को रंगेहाथों पकड़ा गया

मथुरा कुशवाह खेती की जमीन के रकबे में संशोधन के लिए पटवारी विकास जैन के पास पहुचें थे जिस पर पटवारी ने उनसे 10 हजार रूपये की मांग की थी। राम प्रसाद कुशवाह ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी। लोकायुक्त टीम ने सिरोंज पहुचकर पटवारी विकास जैन को 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकडा। वही पटवारी के विरूद्व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर की गई है।

**रजनी तिवारी,** इंस्पेक्टर लोकायुक्त भोपाल।

### पटवारी नीरज जैन से ग्रामीणजन परेशान

*सिरोंज तहसील मे पदस्थ हल्का क्रं 60 ग्राम अमीरगढ में पदस्थ पटवारी नीरज जैन लोकायुक्त टीम द्वारा रिश्वत लेते हुए पकडें गए विकास जैन के भाई है और पटवारी नीरज जैन से ग्रामीण जन अत्यंत परेशान है। ग्राम गरेठा सरपंच प्रतिनिधि हेमन्त सिंह राजपूत ने बताया कि पिछले चार माह से में पटवारी नीरज जैन के पास अपने काम कराने के लिए चक्कर काट रहा हूं। मेरा काम वह नही कर रहें है उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि पटवारी साहब मुझसे लंबे रकम की मांग कर रहें है। कभी वह कहते है कि गांव जाने के लिए मुझे चार पाहिया वाहन लाकर दूं। सरपंच प्रतिनिधि का आरोप है कि मैने उक्त पटवारी की शिकायत आला अधिकारियो से भी की है। यदि उक्त पटवारी पर अधिकारियो द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई तो मुझे भी लोकायुक्त का दरबाजा खटखटाना पडेंगा। पटवारी द्वारा आए दिन ग्रामीणजनो के साथ गलत व्यवहार किया जाता है। वही उन्होने कहा कि नगर के बामौरा रोड पर पटवारी साहब ने एक भव्य और काफी बडा मकान बनाया है जिसमें कई किराएदार निवास करते है और इनकी कई गांवो में जमीने भी है। उसकी भी जांच होना चाहिए आखिर एक सरकारी कर्मचारी के पास इतनी संपति कैसे और कहा से आई। सरपंच प्रतिनिधि हेमन्त राजपूत ने दोनो पटवारियो पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह दोनो भाई कई वर्षो से ग्रामीणो से पैसे बसूलते आ रहें है यदि कोई ग्रामीण इनके पास अपना छोटा सा काम कराने के लिए पहुचता है तो यह दोनो भाई जब तक उक्त व्यक्ति का काम नही करते जब तक इनकी जेब में पैसा न रखे जाए। यह दोनो ही भाई काफी लंबे समय से पटवारी पद पर पदस्थ है और इन दोनो पटवारी भाईयो ने ग्रामीणो से इनता पैसा रिश्वत में लिया है यदि इनकी संपति की जांच की जाए तो लाखो की सम्पति इन दोनो भाईयो के पास मौजूद है।*

### रंग पंचमी पर आयोजित होगा होली मिलन समारोह

**सागर।** अग्रवाल विकास सभा सागर की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष आलोक अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विकास सभा की पिछली बैठकों के एजेंडे की पुष्टि करते हुए उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया, विकास सभा के कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने वर्ष 2023-24 का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसे प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य ने सर्वसम्मति से पारित किया । अग्रवाल विकास सभा के सचिव मोहन अग्रवाल ने बताया कि बैठक में विकास सभा के द्वारा आगामी वर्ष में आयोजित कार्यक्रमों पर चर्चा हुई जिसमें सभी ने विकास सभा द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष में अग्रवाल समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन, महाराजा अग्रसेन जी की जयंती एवं भव्य शोभायात्रा आयोजन, अग्रवाल समाज के परिवारों का धार्मिक स्थल पर परिवार मिलन सह पिकनिक, महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज एवं बच्चों के लिए शीतकालीन अवकाश में समर कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि रंगपंचमी पर अग्रवाल युवा मंच एवं महिला मंडल द्वारा दिनांक 30 मार्च को मकरोनिया स्थित साईं मंडपम में समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है।



### कलेक्टर आर्य ने किया एमसीएमसी कंट्रोल रूम और कम्युनिकेशन कक्ष का निरीक्षण

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गठित एमसीएमसी कक्ष का कलेक्टर दीपक आर्य ने निरीक्षण किया। कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 218 में बनाए गए मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी के दौरान उन्होंने वहां इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया से संबंधित खबरों और पेपर कटिंग का ब्यौरा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों पर विशेष निगरानी रखें।आर्य ने सोशल मीडिया के संबंध में निर्देश दिए कि चुनाव को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी पैनी नजर रखें। उन्होंने सागर जिले के लोकल यूट्यूब चैनल पर चलाई जाने वाले वाली खबरों के संबंध में निर्देशित किया कि ऐसे सभी चैनलों की भी लगातार मॉनिटरिंग की जाए।

# लापता सीएमओ पर 11 हजार के इनाम ने किया काम, लौटे सीएमओ पवन शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर पालिका परिषद के नवनियुक्त सीएमओ पवन शर्मा ने आखिर लगभग 15 दिनो बाद गुमगुदा के पैनर पोस्टर लगने के बाद गुरूवार को नगर पालिका में आमद दी। उनके ऊपर निर्वाचन आयोग का डंडा चलने के बाद मजबूरी में उनको सिरोंज पहुचकर नपा में उपस्थित होना पडा। जैसी कि नगर में जनचर्चा थी कि सीएमओ पवन शर्मा के लिए हाई कमांड नही चहाते थे कि वह नगर पालिका में ज्वॉइन करें। नपा अध्यक्ष मन मोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा ने भी उनको सिरोंज में ज्वॉइन न करने के लिए संदेश भेज दिया था। इस पूरे मामले को लेकर जो घटना क्रम हुआ उसमें सीएमओ पवन शर्मा की भी इक्छा नही थी कि में सिरोंज में अपनी सेवाए दूं। वही हाई कमांड अध्यक्ष,उपाध्यक्ष की भी इक्छा नही थी कि सीएमओ पवन शर्मा सिरोंज नपा में कार्य करें। लेकिन सभी लोगो के मनसूवे फैल हो गए और निर्वाचन आयोग का डंडा चलने के बाद सीएमओ को नपा सिरोंज में दोबारा ज्वॉइन करना पडा।



निर्वाचन आयोग के सामने बेबस हुए सीएमओ पवन शर्मा

### पंथी के 11 हजार रुपए बचे

*बहुजन समाज पार्टी वरिष्ठ नेता एंव पार्षद प्रतिनिधि तोषमणी पंथी ने पिछले दिनो नवागत सीएमओ पवन शर्मा के नपा में पदभार ग्रहण करने के बाद वह गोल हो गए थें। जिसके चलते आम नागरिक भी काफी परेशान हो रहें थें। इसी बीच तोषमणी पंथी ने सीएमओ पवन शर्मा से कई बार सम्पर्क करना चाहा लेकिन उनसे कोई सम्पर्क नही हो पाया तो मजबूरन पंथी को सीएमओ पवन शर्मा गुमशुदा होने के बेनर और पोस्टर नगर के चौक-चौराहो पर लगाए और सीएमओ का पता बताने वाले के लिए 11 हजार रूपये का इनाम रखा। गुरूवार जैसे सीएमओ पवन शर्मा ने नगर पालिका में ज्वॉइन किया तो वैसे ही तोषमणी पंथी ने गुलदस्ता देकर पवन शर्मा का स्वागत किया।*

### सीएमओ ने ली बैठक, फोटो पर लगाया प्रतिबंध

*नवागत सीएमओ पवन शर्मा ने नपा में पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद नपा कर्मचारियो व अधिकारियो की परिचयात्मक एक बैठक ली। जैसे ही मीडियाकर्मियो को यह मालूम पडा कि नए सीएमओ बैठक ले रहें है। वही जब कुछ मीडियाकर्मी बैठक का कवरेज करने पहुचें तो सीएमओ साहब का एक फरमान जारी हुआ कि कोई भी बहारी व्यक्ति बैठक के फोटो-वीडियो नही लेगा। वही सीएमओ ने स्वंय अपने साथ आए लोगो से वीडियो फोटो खिचवाए। नपा सीएमओ के इस व्यवहार से नगर में पूरे दिन तरह तरह की चर्चाए चलती रही।*

### आचार संहिता खत्म होने के बाद सीएमओ का जाना तय माना जा रहा

*नगर पालिका के नवागत सीएमओ पवन शर्मा ने निर्वाचन आयोग के डंडा चलने के बाद नपा में पदभार ग्रहण तो कर लिया। वही जनचर्चा का विषय है कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद हाई कमांड एंव नपा अध्यक्ष,उपाध्यक्ष की मंशा के अनुरूप सीएमओ पवन शर्मा का वापस जाना तय माना जा रहा है।*

### इनका कहना है

सीएमओ पवन शर्मा का अनायाश ज्वॉइन करने के बाद नपा से चले जाना। मोबाईल पर किसी से कोई चर्चा न करना। इसी मौके पर नपा के आर्थिक मामले जन समस्याए का निराकरण आखिर कौन करता। इसलिए मैने सीएमओ के लापता के बैनर पोस्टर लगाकर 11 हजार रूपये का इनाम रखा था। मुझे खुशी है कि सीएमओ ने पदभार ग्रहण किया। अब समस्याओं का निराकरण होगा। जो मैने 11 हजार रूपये का इनाम रखा था वह जनहित के कार्यो में लगा दूंगा।

तोषमणी पंथी,वरिष्ठ बासपा नेता एंव पार्षद प्रतिनिधि।

### इनका कहना है

मैने आज पदभार ग्रहण कर लिया है मेरा स्वास्थ्य खराब होने के कारण में आ नही पाया था।

पवन शर्मा, सीएमओ नगर पालिका परिषद सिरोंज।

### पंचायत कर्मचारियों ने निकाली जागरूकता रैली




ग्यारसपुर। ग्राम पंचायत के सरपंच राजू कुशवाह, सचिव नरसिंह दास बैरागी, रोजगार सहायक शिवानी चौरसिया एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नगर के मुख्य मार्गो से रैली निकाली गई । जिसमें विभिन्न प्रकार के मतदाताओं को रिझाने के लिए नारे लगाए। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, भैया भाभी भूल न जाना सबसे पहले वोट देना, भारत का मतदाता लोकतंत्र का भाग्य विधाता, इस प्रकार के नारे लगाए गए। वहीं ग्यारसपुर में 7 मई को वोट डाले जाने हैं, वोट डालने को लेकर सभी मतदाताओं को जागरूक किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद्मिनी सोनी, उमा शर्मा, कृष्णा प्रजापति, बेनी बाई रजनी कुशवाहा, सत्येंद्र कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाह मौजूद रहे।

# चैक पोस्ट दिगवाड़ पर पकड़े 9 लाख रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के पालन में स्थान-स्थान पर चैक पोस्ट बनाए गए हैं। बाड़ी, बक्तरा मार्ग पर दिगवाड़ चैक पोस्ट पर जब एक फार्चुनर गाड़ी एमपी 04 जेड जे 8792 की तलाशी में 9 लाख रुपए पकड़े और जब्त किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी रायसेन के आदेश के पालन में एसडीएम बरेली संतोष मुदगल के



नेतृत्व में तहसीलदार, नायब तहसीलदार बाड़ी, थाना प्रभारी भारक'छ कला एवं गठित चैक पोस्ट दल द्वारा दिगवाड़ चैक पोस्ट पर माधव सिंह केवलाझिर एवं देवेन्द्र सिंह भोपाल की फार्चुनर गाड़ी की जब तलाशी ली गई तो 9 लाख की बड़ी राशि मिली। उक्त राशि को जप्त कर थाना प्रभारी भारक'छ कला की सुपुद्रगी में दी गई। पूर्व में विधानसभा चुनाव के दौरान भी जिले में बनी विभिन्न चैक पोस्टों पर भारी-भरकम राशि जब्त की गई थी।

### निराला साहित्य जन कल्याण समिति का वार्षिक आयोजन आज




**बरेली।** पिछले 25 वर्षो से श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति द्वारा प्रतिवर्ष होली, रंग पंचमी के बीच अ.भा. कवि सम्मेलन होली की हुड़दंग कवियों के संग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज 29 मार्च शुक्रवार की शाम श्री राम लीला मैदान में अभा. कवि सम्मेलन में हास्य, व्यंग, ओज, श्रृंगार के कवियों द्वारा अपनी काव्य रचनाओं का पाठ किया जायेगा। 29 मार्च को होने वाले अ. भा. कवि सम्मेलन में अखिलेश द्विवेदी प्रयागराज हास्य, गौरव चौहान इटावा वीर रस, नर कंकाल राय बरेली हास्य, विजय तिवारी ओजस, गीत-गजल, सुश्री सुमित्रा सरल रतलाम श्रृंगार, अजय मिश्रा जबलपुर को आमंत्रित किया गया है। इसी के साथ स्थानीय कवि भी अपनी काव्य रचनाओं का पाठ कर होली के मस्ती भरे माहोल को अधिक रंगीन बनाऐंगे। लोकसभा चुना के कारण आचार संहिता लागू है। निराला समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, संरक्षक सुरेश बिदुआ पत्रकार, उपा. भगवानदास राठी, अवध नारायण सक्सेना, निखिल खरे, सईद पठान, कवि देवी जैन, प्रेम नारायण साहू, महेन्द्र भावसार, नरेश जैन, जेएस ठाकुर, नारायण धाकड़, राजेन्द्र चौधरी इत्यादी ने सभी काव्य प्रेमी श्रोताओं से चुनाव आचार संहित को दृष्टिगत रखते हुए शाम 06 बजे से अ.भा. कवि सम्मेलन प्रारंभ होने के पूर्व श्री राम लीला मैदान पहुंचने की अपील की है।

# आगजनी से दो किसानों की फसल जली

**विदिशा।** कुआखेड़ी में गुरुवार को गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आग से दो किसानों के 5 बीघा खेत में गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। खेत में आग लगने की सूचना से अफरा-तफरी का माहौल बन गया, क्याकि दूसरे किसानों को आग और फैलने का डर बना हुआ था।

ग्रामीण आग बुझाने के लिए ट्रैक्टर में पंजा लगाकर पहुंचे और खड़ी फसल पर चला दिया, ताकि आग को फैलने से रोका जा सके। कुछ लोग हरी डालियों को तोड़कर



आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि नदी किनारे विनय सिंह का खेत है। दोपहर के समय उनके खेत में आग लग गई। आसपास के खेतों में कटाई चल रही थी। आग लगने की जानकारी लगी तो किसानो ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का प्रयास किया। कई किसान ट्रैक्टर में पंजा लगाकर पहुंचे थे और उन्होंने खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलाया, जिससे आग न फैले। आग में विनय सिंह का 4 बीघा गेहूं की फसल और संजीव मालवीय की डेढ़ बीघा की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि खेतों के बीच से गुजर रहे हाईटेंशन के तार में शॉर्ट सर्किट की वजह से खेत में आग लगी होगी।

## वारे के 51 खप्पडों के साथ होली महाकाली की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

ठाकुर, कोरी मोहल्ला में प्रतिवर्ष की भांति चैत्र की नवरात्रि में वारे के 51 खप्पडों के साथ महाकाली की प्रतिमा स्थापित होगी। 9 अप्रेल से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि पर्व की देवी दुर्गा मंदिरों में तैयारियां भी शुरू हो गई है।

वर्ष भर में दो नवरात्रि शारदीय एवं चैत्र नवरात्रि धार्मिक श्रद्धालुओं देवी भक्तों द्वारा कठिन व्रत उपवास और विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाये जाने की प्राचीन परंपरा है। लक्ष्मी बाबा की अध्यक्षता में हुई जय महाकाल ग्रुप की बैठक में चैत्र की नवरात्रि पर मॉ काली की प्रतिमा स्थापित करने, पंचमी, सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी को मॉ काली का विशेष श्रगार



महाआरती का निर्णय लिया गया। 17 अप्रेल को मॉ महाकाली की 51 खप्पडों के साथ नगर में शोभायात्रा निकाल कर विर्षजन किया जाएगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष पूरन सिंह धाकड जयमहाकाल अखाडा के अध्यक्ष नंदकिशोर चाडक संचालक अनिल धाकड सहित अन्य सदस्यों पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

### संगीतमय हास्य कवि सम्मेलन 30 मार्च को

**सागर।** पांच दिनी होली की रंगपंचमी 30 मार्च दिन शनिवार को है। इस दिन पूरा शहर व जिला रंगों से सराबोर हो जाएगा। जितनी धूम और उत्साह होली के पहले दिन देखने को मिलती है । सम्पूर्ण बुंदेलखंड में उससे कहीं ज्यादा रंगपंचमी के दिन रहेगा। सुबह से रात तक हुरियारों की टोलियां होली खेलती नजर आएंगी।

## भ्रष्टाचारियों से जब्त धन गरीबों को लौटाने का प्रधान मंत्री का निर्णय ऐतिहासिक : पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस घोषणा का स्वागत किया है जिसमें उन्होंने ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा भ्रष्टाचारियों से जब्त की जा रही हजारों करोड़ रुपए की राशि को गरीबों को वापस लौटाने के लिए कानूनी प्रावधान बनाने का निर्णय लिया है। इस घोषणा को गरीब कल्याण के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताते हुए पूर्व मंत्री सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दस वर्षों में देश के बड़े भ्रष्टाचारियों पर निष्पक्षता से प्रभावी कार्रवाई की है जिससे स्वच्छ व



पारदर्शी राजनीति की शुरुआत देश में हुई है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने यहां जारी बयान में कहा कि भ्रष्टाचारियों द्वारा गरीबों से लूटा गया धन उन तक वापस पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम चुनाव के बाद एक सुदृढ़ विधिक प्रावधान लाएंगे ऐसा संकल्प प्रधानमंत्री ने व्यक्त किया है। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दस वर्ष पूर्व देश की जनता से भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टालरेंस के साथ ठोस कार्रवाई का वायदा किया था जिसे उन्होंने पूरी ईमानदारी व निष्पक्षता से निभाया है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध छेड़े गए अभियान में आज देश के बड़े बड़े भ्रष्टाचारी जेलों में हैं और सुप्रीम कोर्ट तक से उन्हें जमानत नहीं मिल पा रही। सख्त कार्रवाई से यह संदेश देश भर में गया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। सरकार पर दस वर्षों में एक रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप कोई नहीं लगा सका। पारदर्शिता, शुचिता और सुशासन की राजनीति को लगातार प्रोत्साहन मिला है।

# हिउस की बैठक में लाखों की देनदारी पर की चर्चा

### श्रीराम मंदिर निर्माण, यज्ञ, प्राण प्रतिष्ठा पर खर्च हुई लाखों की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष दुर्गा धाकड़ 2020 से 2022 तक लगभग ढाई वर्षो तक हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रहे। उन्ही के कार्यकाल में श्री राम लीला मैदान में श्री राम दरबार मंदिर का निर्माण हुआ। श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान यज्ञ, श्री राम कथा का भी आयोजन हुआ। पिछले दिनों हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष दुर्गा



धाकड़ द्वारा हिउस. के संस्थापक सदस्यों, वर्तमान समिति पदाधिकारियों सहित गणमान्य नागरिकों की बैठक बुलाकर अपने कार्यकाल 2020 से 2022 का ऑडिट किया हुआ आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रसतुत किया गया। प्रस्तुत आय-व्यय लेखा में लगभग 50 लाख की आय और लगभग 66 लाख 50 हजार का व्यय और 16 लाख से अधिक की देनदारी पर उपस्थित सदस्यों के बीच व्यापक चर्चा होती रही। हिउस के पूर्व अध्यक्ष्ज्ञ दुर्गा धाकड़ द्वारा अपने कार्यकाल का ऑडिट किया हुआ आय-व्यय प्रस्तुत किया गया परंतु उनसे पूर्व के कुछ हिउस. के अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने कार्य का वर्षो बीत जाने के बाद भी आय-व्यय प्रस्तुत न किया जाना समिति के सदस्यों, नागरिकों में हमेशा चर्चाओं का विषय बना रहता है। कोरोना काल के दौरान भ्ज्ञी रामलीला मैदान में श्री राम दरबार मंदिर का निर्माण कार्य चलता रहा और अल्प समय में निर्माण पूर्ण भी हुआ।

### सोलह लाख से अधिक की देनदारी

बैठक में उपस्थित हिउस. के संस्थापक सदस्यों, वर्तमान हिउस. प्रबंध कार्य कारणी, पदाधिकारियों, हिउस. के भारी संख्या में सम्मलित हुए सदस्यों के समक्ष पूर्व अध्यक्ष दुर्गा धाकड़ द्वारा अपने कार्यकाल के संपूर्ण आय और व्यय का लेखा प्रस्तुत किया जिसमें सबसे अधिक श्री राम मंदिर के निर्माण, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमों, व्यवस्थाओं पर खर्च हुई। हिउस. की आय का मुख्य श्रोत हिउस. की दुकानों किराया और लोगों से मिलने वाली दान राशि प्रमुख है। दो, ढाई वर्षीय कार्यकाल में 66 लाख से अधिक राशि खर्च, 50 लाख के आसपास आय और 16 लाख से अधिक राशि की देनदारी प्रस्तुत करते हुए उक्त राशि दिए जाने की मांग भी रखी गई। उक्त साढ़े 16 लाख की बकाया रायिश का कैसे भुगतान होगा, यक्ष प्रश्न और व्यापक चर्चा का विषय बना नजर आ रहा है। बैठक के दौरान होली मिलन कार्यक्रम एवं सहभोज का भी आयोजन हुआ।

## खबर संक्षेप

### करमोदिया तालाब पर बाघ ने दो बैल का किया शिकार

**रायसेन।** जिला मुख्यालय सहित आसपास बाघ का मूवमेंट लगातार बना हुआ है, एक दिन पहले बुधवार को बाघ पेनवाग में ग्रामीणों को दिखाई दिया था। वहीं गुरुवार को बाघ द्वारा करमोदिया तालाब के पास दो बैल का शिकार किया है। बताया जा रहा है जिस समय बाघ ने बैल का शिकार किया उसे समय बैल खेत में बंधे थे। इस बात की पुष्टि वन विभाग द्वारा भी की गई है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। वहीं बाघ के पग मार्ग की भी सर्चिंग की गई। पूर्व वन परिक्षेत्र प्रवेश पाटीदार ने बताया कि बाघ द्वारा ही बैल को खाया गया है। वन विभाग द्वारा बाघ की सर्चिंग की जा रही है। बैल मालिक को नियम अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

### जिला अस्पताल में ईसीजी जांच को लेकर कार्यशाला

**रायसेन।** आजकल खराब लाइफ स्टाइल के चलते लोगों को बीमारियां जल्दी घेर लेती हैं, गलत खानपान का असर लोगों के दिल पर भी पड़ता है, ऐसे में इन दिनों दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। हृदय से जुड़ी समस्याएं और बीमारियों की पहचान के लिए गुरुवार को रायसेन जिला अस्पताल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ईसीजी की जांच सबसे महत्वपूर्ण जांच मानी जाती है। इसके संबंध में जिला अस्पताल के डॉक्टरो एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ को ईसीजी मशीन के संचालन एवं जांच के बाद मरीज को उपचार के संबंध में डॉक्टर सुमित भटनागर ने बारीकी से जानकारी प्रदान की। इस कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश खत्री, सिविल सर्जन डॉ अनिल ओढ, डॉ एमएल अहिरवार, डॉ दीपक गुप्ता, आरएमओ विनोद परमार और डॉ सौरभ जैन सहित जिले के चिकित्सक एवं पैरा मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ अनिल ओढ़ ने बताया कि हार्ट अटैक के कैसे बढ़ रहे हैं। उनके लिए ईसीजी इंपोंटेंट टूल होता है। इसी को लेकर पैरामेडिकल स्टाफ और डॉक्टर को ईसीजी मशीन को कैसे उपयोग करना है और किस तरीके से ईसीजी करना है। इसी संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया था कार्यशाला से डॉक्टर काफी मदद मिलेगी और जनता को फायदा मिलेगा।

### मानव श्रृंखला से मतदान करने का दिया संदेश

**रायसेन।** जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रायसेन स्थित सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल मे शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने का संदेश दिया। जिसमें सीएमओ रायसेन सुरेखा जाटव सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी भी शामिल हुए। इसी प्रकार गैरतगंज, मण्डीदीप, औबेदुल्लागंज, सिलवानी सहित नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में भी विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित हो रहीं हैं।

### अभ्यर्थी समेत 5 व्यक्ति ही आरओ कक्ष में करेंगे प्रवेश

**रायसेन।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया है कि नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। 100 मीटर के अंदर केवल तीन वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक चलेगी। 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने अथवा दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सभी सुसंगत एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे नामांकन फार्म जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप-ए एवं बी, शपथ पत्र आदि के साथ रिटर्निंग ऑफीसर कक्ष में आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है, जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो अभ्यर्थी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति दाखिल करनी होगी।

## सलामतपुर में लगभग डेढ़ किमी लंबी बाउंड्रीवाल का निर्माण हुआ पूरा, हादसों में आएगी कमी



# जानवर न पहुंच सकें ट्रेनों के पास इसलिए रेलवे ने पटरियों के दोनों और बनाई है सेफ्टी बाउंड्रीवाल

### कई स्थानों पर बनाई गई हैं बाउंड्रीवाल

*ट्रेन, यात्री और ट्रैक की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे विभाग भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाकर बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य पूरा किया है। जिसमें भोपाल से हबीबगंज स्टेशन और निशातपुरा से भोपाल के बीच 8 किलोमीटर क्षेत्र में बाउंड्रीवॉल बनाई जा रही है। भोपाल के आसपास के क्षेत्रों सलामतपुर में रेलवे ट्रेक के दोनों और लगभग डेढ़-डेढ़ किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवाल, सूखीसेवनिया, ओबैदुल्लागंज, मंडीदीप, मिसरोद और हबीबगंज के यार्ड में भी ऐसी बाउंड्रीवाल बनाई गई है। रेल अधिकारियों का कहना है कि ट्रेनों की स्पीड अब 110 से बढ़कर 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक सेक्शनों में पहुंचती जा रही है। इसी को देखते हुए आम लोगों की सुरक्षा व कोई जानवर रेलवे ट्रेक तक ना पहुंचे इसलिए यह बाउंड्रीवाल बनाई गईं हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

रेलवे विभाग सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्रों में अपनी ज़मीन पर से अतिक्रमण हटाकर सेफ्टी बाउंड्रीवाल का निर्माण कर रहा था। जिसका निर्माण कार्य बहुत तेज़ी से चला। कस्बे में लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य ट्रेक के दोनों और इसलिए किया गया है कि ट्रेन, ट्रेक की सुरक्षा हो सके।। ताकि कोई भी जानवर रेलवे लाइनों तक नही पहुंच सकें। क्योंकि कई बार जानवर पटरियों तक पहुंचकर ट्रेन से टकरा जाते हैं। जिससे गंभीर हादसा होने की संभावना रहती है।

सलामतपुर में लगभग डेढ़ किलोमीटर, भोपाल हबीबगंज में 6.1 किमी, हबीबगंज यार्ड 3.8, मिसरोद यार्ड 1.90, मंडीदीप यार्ड 3.91, ओबेदुल्लागंज यार्ड 2.60, निशातपुरा 2.87 व सूखीसेवनिया यार्ड में 1.7 किमी लंबी बाउंड्रीवाल बनाई जा रही है। वहीं लगभग सभी जगह निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

### पुलिया को अंडरब्रिज के रूप में जोड़ेंगे मुख्यमार्ग से

*भविष्य में राजीवनगर प्राथमिक शाला के सामने वाली रेल्वे पुलिया को अंडरब्रिज के रूप में सलामतपुर के मुख्य मार्ग से जोड़ने व सलामतपुर स्टेशन के रेल्वे ओवर ब्रिज की लंबाई बढ़ाकर सीधे खेल ग्राउंड तक बनाने के प्रस्ताव पर विचार एव पूर्ण प्रयास करने की बात भी कही जा रही है।*

### पूर्व मंत्री के हस्तक्षेप के बाद रहवासियों को मिला है रास्ता

वर्तमान में सलामतपुर कस्बे के राजीवनगर बस्ती में रेल्वे विभाग द्वारा सेफ्टी बॉउंड्रीवाल का निर्माण कार्य किया गया है। इस निर्माण में बस्ती के रहवासियों को आवागमन के लिए कोई रास्ता नहीं दिया जा रहा था। जिससे रहवासियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता। जैसे पहाड़ से एकत्रित होकर बारिश का पानी बस्ती में जमा हो बाढ़ जेसी स्तिथि पैदा होना, बीमार, बुजुर्गों एवं बच्चों को मुख्य सलामतपुर तक आने के लिए लगभग 3 से 4 किलोमीटर का पैदल रास्ता तय करना पड़ता एवं समय पर उपचार मिलने में भी बिलम्ब होता, बच्चों को स्कूल जाने एवं रहवासियों को अन्य काम के लिए भी कई कठिनाइयों का सामना भविष्य में करना पड़ता। बस्ती के रहवासी कई बार रेलवे विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके थे। लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही थी।

मामले की जानकारी मिलते ही राजीवनगर, धपसटनगर वासियों ने मिलकर उक्त समस्या को क्षेत्र के विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व लोकस्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी के समक्ष रखा। मंत्री ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रेल्वे विभाग के डी.आर.एम. से उक्त समस्या के निराकरण के लिए फ़ोन के माध्यम से चर्चा की और जिला प्रशासन को भी उक्त समस्या के निराकरण के लिए निर्देशित किया। फिर जिला प्रशासन की तरफ से एसडीएम ने सांची नायब तहसीलदार को समस्या के निराकरण के लिए उक्त स्थान पर जाने के लिए निर्देशित किया।वहीं रेल्वे विभाग की तरफ से भी अधिकारीगण स्थान पर पहुंचे। और रेल्वे विभाग ने इस मामले में सहानभूति दिखाते हुए धपसटनगर में दो स्थानों पर रेंज के पास एवं तुलसी रावत के घर वाली सड़क को आवागमन के लिए छोड़ने की सहमति प्रदान की है।

### समस्या का समाधान कर दिया

*जानकारी अनुसार रेलवे ट्रेक के दोनों और सेफ्टी वॉल बनाने का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित करना है। इसी के मद्देनजर सलामतपुर रेलवे स्टेशन के सामने रेलवे की जगह पर ट्रेक के दोनों और डेढ़-डेढ़ किमी एरिया में बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया है। इस निर्माण से राजीवनगर बस्ती का रास्ता बंद हो रहा था। अधिकारियों ने समस्या का समाधान कर दिया है।*

**- हमज़ा जाफरी,** पूर्व उपसरपंच सुनारी सलामतपुर।

*जानकारी अनुसार रेलवे ट्रेक के दोनों और सेफ्टी वॉल बनाने का उद्देश्य है कि ट्रेनों की स्पीड अब 110 से बढ़कर 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक सेक्शनों में पहुंचती जा रही है। इसी को देखते हुए आम लोगों की सुरक्षा व कोई जानवर रेलवे ट्रेक तक ना पहुंचे इसलिए यह बाउंड्रीवाल बनाई गईं हैं।*

**- रघुवीर मीणा,** सरपंच ग्रा.पं. राततलाई।


## फोटो-वीडियो केप्चर करने के 5 मिनट में भेजनी होगी शिकायत

# सी-विजिल पर कोई भी आचार संहिता उल्लंघन की कर सकता है शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

चुनावी प्रक्रिया के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की ऑनलाइन शिकायत के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा खास तौर पर तैयार किए सी-विजिल सिटीजन एप पर कोई भी व्यक्ति यदि उसे कहीं आचार संहिता के उल्लंघन का मामला नजर आता है तो अपने मोबाइल से फोटो या वीडियो केप्चर कर शिकायत कर सकता है।

सी-विजिल एप को गूगल प्ले स्टोर से मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकेगा। इस एप का इस्तेमाल करने के लिए शिकायतकर्ता के मोबाइल पर जीपीएस और इंटरनेट चालू होना आवश्यक है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की ऑनलाइन शिकायतें इस एप के माध्यम से ही फोटो या वीडियो केप्चर कर की जा सकती है। वीडियो दो मिनट से अधिक का नहीं होना चाहिए। इससे अधिक अवधि का वीडियो एप पर अपलोड नहीं किया जा सकेगा। इसके साथ ही जिस मोबाइल से फोटो-वीडियो केप्चर किये गये हैं शिकायत केवल उसी से की जा सकेगी। किसी दूसरे मोबाइल या कैमरे की फोटो या वीडियो अथवा पहले से स्टोर फोटो या वीडियो इस एप पर अपलोड नहीं होगी। फोटो या वीडियो के साथ शिकायतकत्ता संक्षिप्त में प्रकरण के बारे में जानकारी भी दे सकता है।




### शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए बनाई गई है विशेष टीम

*सी-विजिल पर शिकायत भेजते ही शिकायतकर्ता को यूनिक आईडी प्राप्त होगी जिससे वह मोबाइल पर शिकायत को ट्रेक कर सकेगा। मोबाइल पर जीपीएस चालू होने के कारण शिकायतकर्ता जैसे ही अपनी शिकायत एप पर अपलोड करेगा वो स्थल की लोकेशन सहित तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय के सम्पर्क केन्द्र के पास पहुंच जायेगी। जिला निर्वाचन कार्यालय के सम्पर्क केन्द्र में शिकायतों की मॉनीटरिंग के लिए बैठी विशेष टीम फोटो या वीडियो की लोकेशन पर संबंधित क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वाड टीम या एसएसटी को मौके पर पहुंचने के निर्देश देगी। फ्लाइंग स्क्वाड दल भी मौके पर पहुंचकर शिकायत के बारे में तहकीकात करेगा और स्थल का वीडियो बनाकर सी-विजिल इन्वेस्टीगेटर एप पर सीधे सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को रिपोर्ट करेगा। यदि शिकायत सही पाई जाती है तो रिटर्निंग अधिकारी को इसे आगे की कार्यवाही के लिए निर्वाचन आयोग को भेजना होगी।*

### केवल आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतें ही कर सकेंगे, व्यक्तिगत शिकायतें नहीं होगी

*निर्वाचन आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि सी-विजिल एप पर नागरिक केवल आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी शिकायतें ही कर सकेंगे। व्यक्तिगत शिकायतें इस एप पर नही की जानी चाहिए। सी-विजिल के दुरूपयोग को रोकने के लिए आयोग ने इस एप पर कुछ और फीचर्स भी डाले हैं। एक ही शिकायत की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए आयोग ने एप में व्यवस्था की है कि यह एक ही व्यक्ति द्वारा की जाने वाली एक के बाद एक लगातार शिकायतों के बीच पांच मिनट का अंतराल हो। इसके अलावा जिला निर्वाचन कार्यालय को एक ही जैसी शिकायतों, बनावटी या ओछी शिकायतों अथवा ऐसी शिकायतों को जो आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित न हों उन्हें दर्ज नहीं किए जाने की अनुमति भी दी है।*

### टीम को सौ मिनट के भीतर शिकायत पर करेगी कार्रवाई

जिला निर्वाचन कार्यालय को भी शिकायत मिलते ही उस पर तुरंत एक्शन लेना होगा और प्राप्त शिकायत को पांच मिनट के भीतर संबंधित क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वाड टीम को प्रेषित करना होगा तथा जाँच के लिए मौके पर भेजना होगा। फ्लाइंग स्क्वाड टीम को सौ मिनट के भीतर शिकायत का कम्प्लायंस देना जरूरी होगा अन्यथा ये शिकायत सीधे निर्वाचन आयोग को स्वतः ट्रांसफर हो जायेगी। आयोग द्वारा समय पर शिकायत पर कार्यवाही न करने के लिए संबंधित फ्लाइंग स्क्वाड टीम से स्पष्टीकरण भी मांगा जा सकता है।

सी-विजिल की एक विशेषता यह भी है कि नागरिकों द्वारा इस पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की गुमनाम शिकायत भी जा सकेगी। गुमनाम शिकायत करने के विकल्प को अपनाने की स्थिति में शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर एवं प्रोफाइल विवरण सिस्टम को नहीं भेजा जा सकेगा। इस वजह से शिकायतकर्ता को यूनिक आईडी प्राप्त नहीं होगी और वह अपनी शिकायत को ट्रेक नहीं कर सकेगा और उसकी अद्यतन स्थिति भी नहीं जान सकेगा। हालाकि नागरिकों के पास संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से ऐसी शिकायतों पर की गई कार्यवाही के संबंध में सूचना का विकल्प होगा। सी-विजिल एप पर की गई शिकायत में इस्तेमाल वीडियो और फोटो को मोबाइल या गैलरी में सेव नहीं किया जा सकेगा। सी- विजिल एप केवल उन्हीं राज्य या क्षेत्र की भौगोलिक सीमा में कार्य करेगा जहां चुनाव हो रहे हैं।

## वाट्सएप, फेसबुक व इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट रहेगी प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषण के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान ना हो इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आदेश जारी कर जिले में किसी भी प्रकार की जिसमें आवाट्सएप, फेसबुक, इस्टाग्राम यूजर द्वारा किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट जिससे धार्मिक भावना भडके एवं किसी संपदाय की विशेष की भावना उद्वेलित हो ऐसे पोस्ट को प्रसारित न करे। वाटसएप ग्रुप एडमिन तथा ग्रुप से जुडे यूजर धार्मिक भावना भडकानें वाले पोस्ट को प्रसारित न करे एवं ग्रुप के यूजर को ऐसा करने से रोके, ग्रुप एडमिन वाटसएप/फेसबुक अन्य सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर बनाये गये ग्रुप का मुखिया होता है, यदि उसके ग्रुप का कोई भी सदस्य धार्मिक भावनाओं को ठेस पंहुचाने वाला अथवा संदेश /फोटो/विडियों डालता है तो ग्रुप एडमिन की जवाबदारी होगी।

### तो होगी कार्रवाई

आदर्श आचार संहित के तहत किसी भी धर्म संपदाय के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी या चित्र कभी भी फार्वड न करे। सोशल मिडिया पर आये संदेश कई बार षड़यंत्र के तहत भेजे जाते है। इन पर कोई भी प्रतिक्रिया देने के पूर्व इनकी सत्यता की जाँच करने का प्रयास करे। उनके द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत संपूर्ण जिले की सीमा में आम जनता की सुरक्षा आदि के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रसारित किया जाता हे। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। किसी भी धार्मिक, मूलवंशी, जनस्थान, निवास स्थान, भाषाई, प्रादेशिक समूहो या जातियों या समुदाये के बीच सौहार्द के बीच शत्रुता का संप्रवर्तन और सौहार्द बने रहने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने का कार्य दण्डनीय अपराध है। पुलिस अधीक्षक सीहोर के उक्त प्रतिवेदन से मेरा यह समाधान हो गया है कि वास्तव मे ऐसी स्थिति जिले के संपूर्ण क्षेत्रों में विद्यमान है। साम्प्रदायिक सदभाव एवं लोक प्रशांति को कायम रखने के लिए यह नितांत आवश्यक है कि ऐसे कृत्यों को नियमित एवं प्रतिबंधित किया जावे जिनसे लोक प्रशांति को खतरा हो। अवांछित तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने व उनकी गतिविधियों को सख्ती से नियंत्रित किया जाए।

## मुड़ियाखेड़ा गांव में बिजली के शार्ट सर्किट होने से खेत में खड़ी फसल में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले मुड़िया खेड़ा गांव में गुरुवार को बिजली के शार्ट सर्किट के कारण खड़े गेहूं की फसल में आग लग गई।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह मुड़ियाखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र के पास किसान बसीर खान के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में बिजली के खंबे में शार्ट सर्किट होने से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगते ही गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया। गांव वालों की सूझबूझ से खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया।

वो तो गनीमत रही कि आग ज्यादा नहीं फेली नहीं तो आसपास के कई खेत आग की चपेट में आ जाते। बशीर खान की लगभग आधा एकड़ की फसल जलकर राख हो गई। बसीर को लगभग 25 हजार का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि नुकसान का मुआवजा दिया जाए।



## पुलिस ने अवैध शराब के 19 क्वार्टर किए जब्त

### युवक राजीव नगर मोहल्ले में बेचने ले जा रहा था शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर।

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जिले में नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वाले आरोपियों के विरूद्ध रायसेन एसपी विकाश कुमार शाहवाल के दिशा निर्देशन में कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को सलामतपुर पुलिस को सूचना मिली की कोई युवक अभी ढाबा रेलवे ओवरब्रिज के पास अवैध रूप से शराब बेचने राजीवनगर ला रहा है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के निर्देशन में प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव ने अभी ढाबा रेलवे ओवरब्रिज के पास से घेराबंदी की और आरोपी लक्ष्मण कुशवाह पिता रम्मूलाल उम्र 40 वर्ष निवासी राजीवनगर को 19 देसी प्लेन शराब के क्वार्टर जिनकी कीमत लगभग तेरह सो तीस रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध 34(1) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। वहीं थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि चुनाव के चलते नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

स्कूल, कॉलेजों के आसपास की दुकानों की नियमित जांच की जा रही है। इसके अलावा होटल, ढाबा सहित अन्य स्थानों का भी निरीक्षण कर जांच की जा रही है। जांच में नशीले, मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही भी की जा रही है।

## कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए नेताओं व कार्यकर्ताओं का जिला अध्यक्ष ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा पार्टी की नीतियों में विश्वास व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण करने वाले कार्यकर्ताओं का गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने गमछा पहनाकर स्वागत किया।



इस मौके पर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष विकास शर्मा, सुनील खत्री, विक्की भदोरिया, सुयश त्रिवेदी, रमन मेहरा, कृष्णा विश्वकर्मा, सुमित मालवीय, सौरभ मीणा ने विगत दिवस प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा लोकसभा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी, इसी परिपेक्ष में जिला अध्यक्ष श्री शर्मा ने कार्यालय आने पर इनका स्वागत किया एवं बधाई दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर धीरेंद्र सिंह कुशवाह, महामंत्री राजेश पंथी, जिला मंत्री बृजेश चतुर्वेदी, वीर सिंह पटेल, नगर भाजपा अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा, कार्यालय मंत्री आदि रहे मौजूद।

## बीके ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र सिलवानी में भाई दूज पर्व पर किया गया कार्यक्रम आयोजित

### ललाट पर लगा तिलक सभी से स्नेह करने का संदेश देता है: बीके मोहिनी दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

इस सृष्टि रूपी रंगमंच पर हम सभी आत्माएं परमपिता परमात्मा की संतान होने के नाते आपस में भाई भाई है। हमारा घर शान्तिधाम हैं। हम सबका एक ही धर्म हैं पवित्रता। भाईदूज का त्यौहार पवित्रता का



प्रतीक है। हमे परमपिता परमात्मा की ज्ञान मुरली, श्रीमत का पालन करते हुए मन वचन कर्म से पवित्रता रूपी आत्मिक तिलक को अपने जीवन में सदैव धारण करना है।

यह उद्गार ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र सिलवानी की संचालिका बीके मोहिनी दीदी ने व्यक्त किए। सेवा केंद्र में भाईदोज का पर्व सात्विकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में केंद्र से जुड़े भैया बहन शामिल हुए। यहां पर होली पर्व मनाया गया। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मोहिनी दीदी ने बताया कि यह पर्व भाई, बहन के पवित्र रिश्ते और स्नेह का प्रतीक है। आत्मा की सर्वांगीण सुरक्षा के लिये परमपिता परमात्मा शिव की ओर से आत्मिक स्मृति का पवित्र तिलक उनकी छत्रछाया है। यह सुरक्षा का कवच है, सद्गुणों का कवच है, शुद्ध, दृष्टि, वृत्ति, कृति का कवच हैं। मस्तिष्क पर आत्म स्मृति का तिलक यह संदेश देता है कि मिट्टी की देह को न देख मस्तिष्क में जगमगाती मणि को देखो और हरेक आत्मा भाई से आत्मिक स्नेह रखो।